पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

प्रधानाचार्य संवर्ग अधिकारियों के प्रशासनिक अनुशासन एवं वित्तीय नियमों पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से प्रशिक्षार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे और राज्य के कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा–प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम

लखनऊ : 07 जनवरी, 2026

प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र (आईटीओटी), अलीगंज, लखनऊ में प्रधानाचार्य संवर्ग अधिकारियों के लिए प्रशासनिक अनुशासन एवं वित्तीय नियम–विनियम से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता डॉ. हरिओम द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थानों में प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय पारदर्शिता तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करना है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रशिक्षण प्रणाली में निरंतर सुधार, नवीन कौशल तकनीकों का समावेश तथा प्रशिक्षार्थियों को उद्यमशील बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के माध्यम से ही आने वाले समय में प्रशिक्षार्थी आत्मनिर्भर बन सकेंगे और प्रदेश के कौशल विकास को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक (प्राविधिक) डी. के. सिंह द्वारा प्रशिक्षण के दौरान पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रशासनिक एवं वित्तीय नियमों के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर प्रकाश डाला गया। वहीं अतिरिक्त निदेशक मानपाल सिंह ने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को संस्थान स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित किए जाने पर बल देते हुए कहा कि इससे शासकीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा।

इस अवसर पर संस्थान की सहायक निदेशक सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षण उद्देश्यों की पुनः पुष्टि एवं सहभागियों से सक्रिय सहभागिता के आह्वान के साथ किया गया।

सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे

राघवेन्द्र / 06:00 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in